# जालौन पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

## सराहनीय कार्य

**आपरेशन मुस्कान के तहत थाना कोत0 उरई पुलिस ने राह भटके बच्चे को परिजनों से मिलाया।**




आज दिनांक 22.09.2023 को मोहल्ला नया पटेल नगर थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन निवासी एक महिला द्वारा समय करीव 11:00 बजे थाना कोतवाली उरई पुलिस को सूचना दी गयी कि उसका 12 वर्षीय पुत्र खेलते-खेलते कहीं चला गया है, काफी खोजबीन की लेकिन नही मिल रहा है। सूचना पर तत्काल चौकी प्रभारी फैक्ट्री एरिया उ0नि0 अनिल कुमार एवं आरक्षी गजेन्द्र सिंह द्वारा नगर उरई एवं अन्य सम्भावित स्थानों पर खोजबीन शुरू की गयी जिसके फलस्वरूप गुम हुये बच्चे को समय करीब 13:30 बजे चुर्खी बाइपास से सकुशल बरामद कर लिया गया एवं आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये परिजनो के सुपुर्द किया गया। बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों द्वारा जालौन पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।